बिहार विधान परिषद   कार्य सूची

संख्या-1   191वां सत्र

(भारतीय संविधान के अधीन संघठित बिहार विधान परिषद् का 191वां सत्र)

सोमवार, दिनांक 11 फरवरी, 2019

11.00 बजे पूर्वाह्न

1. सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण, यदि कोई हो।
2. माननीय कार्यकारी सभापति द्वारा प्रारंभिक संबोधन।
3. माननीय कार्यकारी सभापति द्वारा घोषित किया जाना कि विधान सभा एवं विधान परिषद् की संयुक्त बैठक में अभिभाषण करने के लिये महामहिम राज्यपाल 11.25 पूर्वाह्न बिहार विधान मंडल विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में पधारेंगे तथा सदस्यों को निदेश देना कि पूर्व परिचारित कार्यक्रम के अनुसार 11.20 बजे पूर्वाह्न के पहले माननीय सदस्यगण विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में अपना स्थान ग्रहण कर लें।
4. 11.20 बजे पूर्वाह्न के पहले अर्थात् महामहिम राज्यपाल के आने के पूर्व, माननीय सदस्यों द्वारा बिहार विधान मंडल विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में स्थान ग्रहण
5. 11.30 बजे पूर्वाह्न महामहिम राज्यपाल द्वारा दोनों सदनों के एकत्रित माननीय सदस्यगण के बीच अभिभाषण
6. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण की समाप्ति के पश्चात् परिषद् के माननीय सदस्यगण परिषद् सदन में पुन: एकत्र होंगे।
7. बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-17(3) के अधीन माननीय कार्यकारी सभापति प्रतिवेदित करेंगे कि महामहिम राज्यपाल ने अभिभाषण करने की कृपा की है तथा अभिभाषण की एक प्रति मेज पर रखेंगे और उसपर विचार-विमर्श के लिये समय आवंटित करेंगे।

8. माननीय कार्यकारी सभापति 191वें सत्र के लिये अध्यासीन सदस्यों की तालिका की घोषणा करेंगे।

9. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणिकृत प्रतियों को प्रभारी मंत्री सदन के पटल पर रखेंगे। (यदि हो)

10. प्रभारी मंत्री, वित्तीय वर्ष 2018-19 के आर्थिक सर्वेक्षण की एक प्रति सदन की मेज पर रखेंगे।

11. बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-17(4) के अधीन महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

12. अन्य नितान्त आवश्यक कार्य, यदि कोई हो।

13. *शोक प्रकाश*

(विनोद कुमार)
कार्यकारी सचिव
बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.-02/2019 – **244** (3) वि.प. दिनांक – 08.02.2019

प्रतिलिपि : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/माननीय मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार/माननीय मंत्रीगण/माननीय मुख्यमंत्री के आवास/मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में)/महामहिम राज्यपाल, बिहार के सचिव/माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवास एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म/लोकायुक्त, बिहार/महाधिवक्ता, बिहार/विहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव/लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली/पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार/अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/सचिव, बिहार विधान सभा, पटना एवं श्री सैयद सआदत नजीर, सहायक प्रोग्रामर, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ प्रेषित।

(नरेन्द्र प्रसाद सिंह)
उप सचिव
बिहार विधान परिषद्